# नये कानूनों के साथ होगा न्याय

## 3 नए अपराधिक कानूनों से होगा बड़ा परिवर्तन : शाह

**जयपुर 13 अक्टूबर. केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीवन जीने में आसानी (ईजऑफलिविंग) के लिए देश में बहुत सारे परिवर्तन किए हैं और तीन नए आपराधिक कानूनों पर अमल के साथ ही न्याय में आसानी में भी बहुत बड़ा परिवर्तन होगा.**



शाह सोमवार को यहां इन नये कानूनों पर लगाई प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं 9300 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही. उन्होंने कहा कि आज यहां देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने वाले और संविधान प्रदत्त अधिकारों को देश की जनता को सुलभ तरीके से उपलब्ध कराने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों का परिचय कराने वाली एक अत्याधुनिक प्रदर्शनी शुरू हो रही है. उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े सभी लोगों को यह प्रदर्शनी ज़रूर देखनी चाहिए क्योंकि आने वाले दिनों में हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में होने वाले बहुत बड़े परिवर्तनों को इस प्रदर्शनी में बहुत सटीक तरीके से दिखाया गया है. उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोग जान सकेंगे कि 160 साल पुराने कानूनों को समाप्त कर मोदी जो तीन नए कानून लाए हैं, उनके पूर्णत: लागू होने के बाद किसी भी एफआईआर में तीन साल में न्याय मिल सकेगा. शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानून देश की जनता को समय पर, सुलभ तरीके से न्याय देने का काम करेंगे. शाह ने कहा कि तीन नए कानूनों के माध्यम से हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली दंड की जगह न्याय से प्रेरित होकर काम करेगी.

### किसानों की पूरी फसल एमएसपी पर होगी खरीद : गृह मंत्री

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसानों की शत प्रतिशत तूर, मसूर और उड़द की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया है. शाह सोमवार को यहां तीन नये कानूनों पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं उसके बाद आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि जो किसान नाफेड और एनसीसीएफ पर रजिस्ट्रेशन करते हैं.

## 'वोट चोरी' वाले आरोपों से जुड़ी याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कुछ समय पहले कर्नाटक चुनाव में धांधली का आरोप लगाया था. बेंगलुरु सेंट्रल समेत कई विधानसभाओं में वोट चोरी का दावा किया गया था, जिसकी जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी. हालांकि, अदालत ने इस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में रिटायर्ड जस्टिस की अगवाई में स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाने की मांग की गई थी, जो इस पूरे मामले की जांच करती. मगर, सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी है.

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह मामला चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए चुनाव आयोग के सामने यह मुद्दा उठाना चाहिए. हमने याचिकाकर्ता के वकील की बात सुनीं.



## मानव संसाधन विभाग एवं क्रेच का उद्घाटन

- डॉ.पांडे क्रेच को किया संचालित
- माजरी क्षेत्र के दौरे पर पूर्ण महिलाओं द्वारा संचालित

**नागपुर, 13 अक्टूबर. वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने माजरी क्षेत्र का दौरा किया. उन्होंने एकोना खदान में महिला-केंद्रित मानव संसाधन विभाग का उद्घाटन किया. यह एक विशिष्ट पहल है, जिसका संचालन पूर्णत: महिला कर्मियों द्वारा किया जाएगा.**

साथ ही, उन्होंने माजरी के क्षेत्रीय कार्यालय तथा एकोना उपक्षेत्र में क्रेच (पालना-घर) का उद्घाटन किया. इस पहल से कार्यस्थल पर बच्चों के देखभाल एवं वर्क-लाइफ बैलेंस को बढ़ावा मिलेगा.

अपने दौरे में पांडे ने एकोना खदान का निरीक्षण किया तथा विभागीय एवं ठेका कर्मियों से संवाद किया. उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित भी किया. इस दौरान वेकोलि मुख्यालय के महाप्रबंधक (सीएसआर/कल्याण) जी. सीतारामन, माजरी क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अविनाश प्रसाद, क्षेत्र के विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, क्षेत्रीय जेसीसी एवं कल्याण समिति के सदस्य आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# पंजाब में किसानों को अधिक मुआवजा

**नयी दिल्ली, 13 अक्टूबर. आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि पंजाब सरकार ने बाढ़ पीड़ित किसानों को फसलों का मुआवजा पूरे देश में सबसे ज्यादा और सबसे तेज गति से देना शुरू किया है. केजरीवाल ने एक्स पर कहा पंजाब में भगवंत मान की सरकार ने एक और ऐतिहासिक काम कर दिखाया है.**

पंजाब में बाढ़ प्रभावित परिवारों और किसानों को आज तक का सबसे ज्यादा और सबसे तेज़ मुआवजा दिया है. सिर्फ 30 दिन के अंदर ही 20 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा किसानों के खाते में आना शुरू हो गया है. ये सिर्फ अच्छी नीयत वाली एक ईमानदार सरकार ही कर सकती थी. हमने कर दिखाया. आप के वरिष्ठ नेता एव पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में ऐतिहासिक काम किया है. देश में सबसे ज़्यादा मुआवजा का ऐलान किया और फिर सबसे तेज़ी से लोगों तक पहुंचाना भी शुरू कर दिया.



पहले बाढ़ जैसी आपदा आने पर लोग कई-कई साल तक मुआवजा के लिए धक्के खाते थे और मिलता क्या था? पुरानी सरकारों की दो रुपए, 100 रुपए का मुआवजा दिए जाने की भी खबरें देखी गयी हैं. उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार ने सबसे ज्यादा मुआवजा दिया है और सबसे तेजी से दिया है. आज से पंजाब में बाढ़ पीड़ित किसानों को मुआवजा मिलना शुरू हो गया है और इस महीने के अंत तक सबको मुआवजा मिल भी जाएगा.

## जगदीप सिंह चीमा समर्थकों सहित भाजपा में हुए शामिल

**चंडीगढ़.** पंजाब में तरनतारन विधानसभा सीट के उपचुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल के पूर्व महासचिव एवं फतेहगढ़ साहिब से अकाली दल के वरिष्ठ नेता रहे जगदीप सिंह चीमा सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू की उपस्थिति में अपने समर्थक सहित भाजपा में शामिल हुए. जगदीप सिंह चीमा का भाजपा में शामिल होना अकाली दल के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. जगदीप चीमा फतेहगढ़ साहिब जिले से अकाली दल के जिला प्रभारी रहे हैं. वह 2012 और 2022 में पार्टी की सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके है. दोनों ही बार वह हालांकि चुनाव नहीं जीत पाए थे.

# बुलेट ट्रेन का बिलिमोरा स्टेशन का निरीक्षण

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की परियोजना प्रगति की समीक्षा

**भोपाल, 13 अक्टूबर. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माणाधीन बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन का निरीक्षण किया. उनके साथ वलसाड के सांसद धवल पटेल और विधायक नरेश पटेल भी उपस्थित रहे.**



मंत्री ने स्टेशन के निर्माण कार्यों, ट्रैक बिछाने और यात्री सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की. आम के बागानों से प्रेरित स्टेशन का फसाड स्थानीय पहचान को दर्शाता है. आधुनिक स्टेशन में वेटिंग लाउंज, शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, रिटेल आउटलेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं. स्टेशन परिसर में हरियाली, ईवी पार्किंग तथा वर्षा जल संचयन और ऊर्जा दक्षता जैसी ग्रीन बिल्डिंग विशेषताएँ भी शामिल की गई हैं.

बिलिमोरा स्टेशन में दो प्लेटफॉर्म, चार ट्रैक और 425 मीटर लंबा हाई-स्पीड प्लेटफॉर्म होगा. स्ट्रक्चरल कार्य पूर्ण हो चुका है और आर्किटेक्चरल फिनिशिंग तथा एमईपी कार्य प्रगति पर हैं. ट्रैक निर्माण में रेल लेइंग कार का उपयोग किया जा रहा है, जिससे ट्रैक बिछाने में उच्च सटीकता और दक्षता सुनिश्चित हो रही है.

## केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने की इस्तीफे की पेशकश

**तिरुवनंतपुरम.** केंद्रीय मंत्री और मलयालम फिल्म अभिनेता सुरेश गोपी ने एक बार फिर मंत्री पद छोड़ने की इच्छा जताई है. उन्होंने सिनेमा में पूर्णकालिक वापसी का संकेत दिया है. सुरेश गोपी केरल से भाजपा के पहले लोकसभा सांसद हैं. वह अभी केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा पर्यटन राज्य मंत्री हैं. वह कन्नूर में एक पार्टी कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने यहां कहा कि मैं अपना फिल्मी करियर छोड़कर कभी मंत्री नहीं बनना चाहता था. उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में उनकी आय में काफी कमी आई है. सुरेश गोपी ने कहा कि उन्होंने चुनाव से एक दिन पहले भी मीडिया को बताया था कि वह मंत्री नहीं बनना चाहते और फिल्में करते रहना चाहते हैं.

## एक नजर में



### अवैध रूप से रह रहे छह अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

**नयी दिल्ली.** दिल्ली के बाहरी जिले की पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई निहाल विहार थाना क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस की गश्ती टीम ने सतर्कता दिखाते हुए सभी को मौके पर पकड़ लिया. बाद में सभी को कानूनी प्रक्रिया के तहत विदेशी नागरिक सीधे संबंधित नागरिक प्राधिकरण (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया है ताकि उनके निर्वासन की कार्रवाई पूरी की जा सके. पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने सोमवार को बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए अभियान तेज किया गया है .निहाल विहार थाने की टीम ने 10 अक्टूबर को चंदर विहार इलाके में गश्त कर रही थी. इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के एक मकान में रह रहे हैं. सूचना मिलते ही टीम ने तत्परता से छापा मारा. पुलिस को देखकर सभी छह विदेशी नागरिक भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया. पूछताछ में उन्होंने अपने पासपोर्ट और वीजा दस्तावेज दिखाने में असमर्थता जताई.

### दुर्गापुर गैंगरेप : तीसरी गिरफ्तारी, सख्ती बढ़ी

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की सुर्खियों में छाई दुर्गापुर गैंगरेप मामले में आज एक और नया मोड़ सामने आया है. इस संवेदनशील कांड में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है - जिसमें पीड़िता के साथ पढ़ने वाला एक छात्र भी शामिल है. न्याय व्यवस्था को द्रुत गति देने की दिशा में स्थानीय अदालत ने सभी आरोपियों को दस दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. दुर्गापुर नाम अब सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि न्याय की याचना बन चुका है. हर खुलासे ने मामले को और जटिल कर दिया है — लेकिन एक बात तय है- अब तक की निष्क्रियता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

# अर्थशास्त्र के क्षेत्र में तीन को नोबेल पुरस्कार

## साइंसेज ने जोएल मोकिर,फिलिप अघियन और पीटर होविट को देने की घोषणा

**स्टॉकहोम, 13 अक्टूबर. रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को साल 2025 के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल सम्मान जोएल मोकिर,फिलिप अघियन और**





पीटर होविट को देने की घोषणा की. अकादमी ने इन अर्थशास्त्रियों के नामों की घोषणा करते हुए कहा मोकिर ने हमें यह बताया कि कैसे नवाचार प्रगति के लिए प्रेरणा प्रदान करता है. उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी तेज़ी से आगे बढ़ती है और हम सभी को प्रभावित करती है. नए उत्पाद और उत्पादन विधियाँ पुराने उत्पादों और उत्पादन विधियों का स्थान ले लेती हैं. इस प्रकार निरंतर आर्थिक विकास चलता रहता है. अकादमी ने अघियन और होविट के कार्यों के विषय में कहा कि दोनों अर्थशास्त्रियों ने यह व्याख्या की है कि रचनात्मक विनाश कैसे निरंतर आर्थिक विकास को प्रेरित करता रहता है.

> उन्होंने बताया कि जब कोई नया और बेहतर उत्पाद बाजार में आता है तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कंपनियाँ पिछड़ जाती हैं. यह नवाचार रचनात्मकता का प्रतीक होता है, हालांकि यह विनाशकारी भी है, क्योंकि जिस कंपनी की तकनीक पुरानी हो जाती है, वह प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाती है. इस प्रकार यह रचनात्मक विनाश संघर्ष पैदा करता है, जो लाभदायक होता है.

## आज का इतिहास

- 1933 -जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से बाहर आने की घोषणा की.
- 1943 -जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की.
- 1948 -इजरायल और मिस्र के बीच जबरदस्त लड़ाई शुरु.
- 1953- भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभाव में आया.
- 1979 -जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया.
- 2000 -संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पाक समेत 22 देशों में अपने दूतावास बंद.

# ईडी ने श्रीसन फार्मा के 7 ठिकानों पर की छापेमारी

- कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले में बड़ी कार्रवाई

**चेन्नई, 13 अक्टूबर. कोल्ड्रिफ कफ सिरप से कई बच्चों की मौत के मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए श्रीसन फार्मा के चेन्नई स्थित ठिकानों और तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है.**

यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है, जिन ठिकानों पर छापेमारी की गई है, उनमें तमिलनाडु औषधि नियंत्रण कार्यालय (ड्रग कंट्रोल विभाग) के शीर्ष अधिकारियों के आवास भी शामिल हैं. यह कार्रवाई ईडी द्वारा मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ दर्ज पुलिस शिकायतों का संज्ञान लेते हुए धन शोधन विरोधी कानून के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज होने के बाद की गई. कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने की वजह से मध्य प्रदेश राजस्थान में हाल के दिनों में 20 से ज्यादा बच्चों की मौत हुई है. मौत होने की वजह किडनी खराब होना रहा. श्रीसन फार्मा कंपनी द्वारा ही कोल्ड्रिफ कफ सिरप का उत्पादन किया जाता है. इस मामले में कंपनी के मालिक 73 वर्षीय जी रंगनाथन को भी 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया जा चुका है.

### आरोपी रंगनाथन को एसआईटी तमिलनाडु लेकर गई



**छिंदवाड़ा./परासिया.** कफ सिरप कांड में बड़ी कार्रवाई करते हुए एसआईटी टीम मुख्य आरोपी रंगनाथन को बीती रात तमिलनाडु लेकर रवाना हुई. बताया जा रहा है कि आरोपी को उसके मूल निवास स्थान और उत्पादन इकाई की जांच के उद्देश्य से ले जाया गया है. सूत्रों के अनुसार, रंगनाथन से पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आई हैं, जिनके आधार पर एसआईटी ने तमिलनाडु में छापामार कार्रवाई की तैयारी की है. टीम को शक है कि वहीं से दूषित कफ सिरप के कच्चे रासायनिक पदार्थों की आपूर्ति की जा रही थी. एसआईटी की टीम ने आरोपी के सिरप फैक्ट्री, गोदाम और दवा निर्माण से संबंधित दस्तावेजों की जांच करने का निर्णय लिया है. पुलिस सूत्रों का कहना है कि जांच में यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि उत्पादन प्रक्रिया के दौरान गुणवत्ता परीक्षण में लापरवाही तो नहीं की गई थी.

## बिहार की 122 विधानसभा सीट के लिए अधिसूचना जारी

**पटना.**बिहार विधानसभा की 243 में से दूसरे और अंतिम चरण में 122 सीट पर 11 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है. राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार इसके साथ ही इन क्षेत्रों के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है. उम्मीदवार 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे. नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी और 23 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे.

# मंत्री शिवराज ने की प्रगति की समीक्षा

- खरीफ बुवाई क्षेत्रफल में 6.51 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी,
- कुल क्षेत्रफल 1121.46 लाख हेक्टेयर हुआ

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2025, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज एक उच्चस्तरीय बैठक में कृषि क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा की.**



बैठक में देशभर में खरीफ फसल की स्थिति, रबी फसल की बुवाई, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसलों की स्थिति, मूल्य स्थिति, उर्वरक उपलब्धता, जलाशयों की स्थिति सहित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई. केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस दौरान विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

बैठक में अधिकारियों ने खरीफ की बुवाई के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ फसलों के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल कवरेज पिछले वर्ष की तुलना में 6.51 लाख हेक्टेयर अधिक है. कुल बुवाई क्षेत्र 1121.46 लाख हेक्टेयर है, जबकि गत वर्ष यह 1114.95 लाख हेक्टेयर था. गेहूं, धान, मक्का, गन्ना और दलहन की बुवाई भी वर्ष 2024-25 की तुलना में अधिक हुई है.

# आईपीएस ने सुसाइड से पहले कई अफसरों से की बात

**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर. आईपीएस आत्महत्या मामले में नया खुलासा हुआ है. पुलिस को कॉल डिटेल से नए सुराग मिले हैं. सूत्रों के अनुसार, आत्महत्या से पहले आईपीएस ने कई अधिकारियों, अपने वकील और कुछ परिचितों को कॉल की थी. एसआईटी ने इन कॉल डिटेल्स को जांच का हिस्सा बनाते हुए बातचीत के क्रम और समय की बारीकी से पड़ताल शुरू कर दी है.**

सूत्रों का कहना है कि जिन लोगों से आईपीएस ने आखिरी बार बातचीत की थी, उनसे जल्द पूछताछ की जा सकती है. जांच टीम यह पता लगाने की कोशिश में है कि क्या इन वार्तालाप में कोई ऐसा दबाव या तनाव झलक रहा था जिसने उन्हें यह कदम उठाने पर मजबूर किया. एसआईटी ने हरियाणा पुलिस से जेल में बंद एडीजीपी के गनमैन के खिलाफ दर्ज एफआईआर का पूरा रिकॉर्ड मांगते हुए पत्र लिखा है. सूत्रों के अनुसार एसआईटी जल्द ही अदालत से अनुमति लेकर रोहतक जेल में बंद गनमैन सुशील से पूछताछ कर सकती है. इंस्पेक्शन में पता चला है कि शराब ठेकेदार की ओर से लगाए गए अवैध वसूली के आरोप के बाद गिरफ्तार गनमैन ही स्पष्ट कर सकता है.

**बैठक** | जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का नेतृत्वपूर्ण प्रदर्शन

# जी-20 डीआरआर बैठक में भारत ने प्रस्तुत किया : मिश्रा

**ऑस्ट्रेलिया, 13 अक्टूबर. जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) पर मंत्रिस्तरीय बैठक के पहले दिन, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्र ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दो उच्च-स्तरीय कार्यक्रमों —एकजुटता और अनुकूलन पूर्व-चेतावनी प्रणालियों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग तथा डीआरआर निवेश को बढ़ाने के लिए तकनीकी नवाचार और राजनीतिक नेतृत्व का सेतु निर्माण में भाग लिया.**




डॉ. मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व-चेतावनी प्रणालियां तकनीकी विलासिता नहीं, बल्कि अनुकूलन के लिए रणनीतिक निवेश हैं. उन्होंने भारत की बहु-एजेंसी संरचना की रूपरेखा प्रस्तुत की, जो कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल के माध्यम से मौसम विज्ञान, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और समुद्र विज्ञान संस्थानों को एकीकृत करती है. इस प्रणाली के अंतर्गत अब तक 109 बिलियन से अधिक अलर्ट जारी किए जा चुके हैं. कार्यक्रम के दौरान, डॉ. मिश्र ने दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं.

### भारत का दृष्टिकोण और रणनीति

डॉ. मिश्र ने जी-20 देशों से वैश्विक सभी के लिए पूर्व-चेतावनी प्रणाली के तहत साझा डेटा प्रोटोकॉल, क्षेत्रीय प्लेटफॉर्म और संयुक्त क्षमता निर्माण को सशक्त करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि भारत पूर्व-चेतावनी को एक समावेशी, बहुभाषी और पूर्वानुमानयोग्य वैश्विक सार्वजनिक हित के रूप में देखता है.

# गाजा में हमास के ठिकानों पर इजराइल की तबाही

- गगनभेदी इमारत को उड़ाया, 27 की मौत

**गाजा 13 अक्टूबर. इजरायल के हमले रुकने के बाद गाजा एक नई मुश्किल में फंसता नजर आ रहा है. गाजा शहर में हमास सुरक्षा बलों और दुघमुश कबीले के सशस्त्र सदस्यों के बीच भीषण झड़पे हुई हैं. इन झड़पों में दोनों ओर के कम से कम 27 लोग मारे गए हैं.**



यह क्षेत्र मे इजरायली अभियान रुकने के बाद से अब तक के सबसे हिंसक आंतरिक संघर्षों में से एक है. गाजा के जॉर्डनियन अस्पताल के पास नकाबपोश हमास बंदूकधारियों और दुघमुश लड़ाकों के बीच गोलीबारी हुई है.

रिपोर्ट के मुताबिक, हमास संचालित गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा इकाइयों के उन्हें घेरकर हिरासत में लेने की कार्रवाई के चलते मुठभेड़ हुई.